	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	भाद्र, 05, गुरूवार, शाके 1948- अगस्त 27, 2026 Bhadra 05, Thursday, Saka 1948- August 27, 2026	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

राजस्व (ग्रुप-1) विभाग

संशोधित अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 22, 2026

संख्या प.9(87)राज-1/2025-27418:- इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक प. 9(87)राज-1/2025-27418 दिनांक 06.04.2025 में क्रम संख्या-07 द्वारा बालोतरा जिले की तहसील सिणधरी के मूल राजस्व ग्राम आदर्श लोहिडा व जैतेश्वर नगर में से नवघोषित राजस्व ग्राम आदर्श श्रीयादे नगर के विरूद्व माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर याचिका उनवान खेताराम व अन्य एस. बी. सिविल रिट याचिका सं. 11729/2025 में दिनांक 07.07.2025 को निर्णय पारित किया गया है। उक्त न्यायिक आदेश के अनुक्रम में जिला कलक्टर, बालोतरा द्वारा याची से प्राप्त अभ्यावेदन का निर्धारित मापदण्डों के संदर्भ में जांच उपरांत राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को प्रेषित प्रस्ताव मय अनुशंषा के अनुक्रम में राज्य सरकार राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (अधिनियम संख्या-15) की धारा 16 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये एतत्द्वारा राजस्व ग्राम **आदर्श श्रीयादे नगर का नाम निरस्त/परिवर्तित** कर ग्राम का नाम **श्रीपति नगर (Shripati Nagar)** निर्धारित करती है।

इस अधिसूचना के प्रसारण से उक्त ग्राम की जनसंख्या एवं क्षेत्रफल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा अधिसूचना RajKaj Ref. No.14630388 दिनांक 06.04.2025 का शेष विवरण यथावत रहेगा। जिला कलक्टर, बालोतरा ग्रामों के अभिलेखन कार्य निष्पादन की सूचना से राज्य सरकार को सूचित करेंगें।

आज्ञा से,

हरि सिंह मीना,

शासन उप सचिव।

23458

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।